संख्या-5/1/2019-सी.पी.आई.
भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरेमोंट', शिमला-171 004
दिनांक : 30 अप्रैल, 2019

प्रेस विज्ञप्ति

औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - मार्च, 2019

मार्च, 2019 का औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 2 अंक बढ़कर 309 (तीन सौ नौ) अंक के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में फरवरी, 2019 एवं मार्च, 2019 के बीच (+) 0.65 प्रतिशत की वृद्धि रही जबकि पिछले वर्ष इन्हीं दो महीनों के बीच यह स्थिर थी।

सूचकांक में दर्ज वृद्धि में अधिकतम योगदान खाद्य समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को (+) 1.53 बिंदु प्रतिशत्ता से प्रभावित किया। मदों में अरहर दाल, बकरे का मांस, हरी मिर्च, सेब, नारियल, नींबू, करेला, बैंगन, बंद गोभी, गाजर, फूल गोभी, फ्रैंच बीन, लौकी, भींडी, मेथी, पालक, परवल, मटर, आलू, कद्दू, मूली, टमाटर, पेट्रोल, इत्यादि सूचकांक को बढ़ाने में सहायक रहे। इसके विपरीत, चावल, गेंहू, गेंहू आटा, नारियल का तेल, सरसों का तेल, मछली ताजा, अंडे (मुर्गी), प्याज, इमली, केला, ग्वार फली, तरबूज, बिजली प्रभार, फूल/फूल मालाएं, इत्यादि ने सूचकांक में वृद्धि को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

मार्च, 2019 के लिए सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के (+) 6.97 प्रतिशत तथा गत वर्ष के इसी माह के (+) 4.36 प्रतिशत की तुलना में (+) 7.67 प्रतिशत रही। वैसे ही, खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के (+) 2.63 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के (+) 1.68 प्रतिशत की तुलना में (+) 3.96 प्रतिशत रही।

केन्द्र-स्तर पर, मुंगेर-जमालपुर और लखनऊ के सूचकांक में अधिकतम 6 अंकों की वृद्धि रही जिसके बाद 5 अंकों की वृद्धि कानपुर, भीलवाड़ा और रांची-हटिया केन्द्रों में रहे। अन्य में, 3 केन्द्रों में 4 अंक, 10 केन्द्रों में 3 अंक, 17 केन्द्रों में 2 अंक, तथा 19 केन्द्रों में 1 अंक की वृद्धि रही। इसके विपरीत, कोडरमा में अधिकतम 5 अंक, तिरूचिरापल्ली में 3 अंक एवं चेन्नई में 2 अंक की कमी पाई गई। अन्य 8 केन्द्रों में 1 अंक की कमी रही। शेष 13 केन्द्रों के सूचकांक स्थिर रहे।

33 केन्द्रों के सूचकांक अखिल-भारत सूचकांक से ऊपर तथा 44 केन्द्रों के सूचकांक राष्ट्रीय औसत से नीचे रहे। राउरकेला केन्द्र का सूचकांक अखिल-भारत सूचकांक के समकक्ष रहा।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. की आगामी कड़ी अप्रैल, 2019 माह के लिए दिन शुक्रवार, मई 31, 2019 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाइट www. labourbureaunew.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

(अमृत लाल जांगिड़)
उप निदेशक